## एक नजर

### हादसे के आरोपी दो युवकों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**शाहबाद, अमृत विचार :** गांव चकासी निवासी चंद्रभान ने ओसी गांव निवासी अतुल और घारमपुर निवासी रवि कुमार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। आरोप है कि सात मार्च को चंद्रभान का बेटा शिवा अपने साथी हिमांशु के साथ शाहबाद के राजकीय इंटर कॉलेज में हाईस्कूल की परीक्षा देने गया था। कॉलेज गेट पर पहुंचते ही दूसरी बाइक ने सामने से टक्कर मार दी। दूसरी बाइक पर आरोपी सवार थे। हादसे में शिवा और हिमांशु जख्मी हो गए। शिवा की हालत गंभीर होने पर उसे मुरादाबाद में भर्ती कराया गया है।

# एक साल पहले फेसबुक पर हुई दोस्ती अब शादी के लिए थाने पहुंचीं दो छात्राएं

संवाददाता, सैदनगर (रामपुर)

**अमृत विचार :** अजीमनगर थाने में शनिवार दोपहर दो छात्राएं शादी करने के लिए पहुंच गईं। दोनों ने बताया कि उनके परिजन शादी के लिए तैयार नहीं हैं जबकि, वे एक-दूसरे के बिना नहीं रह सकतीं। पुलिस ने दोनों के परिजनों को थाने बुलाया और दोनों को उन्हें सौंप दिया। एक साल पहले दोनों की दोस्ती फेसबुक पर हुई थी। तभी से एक-दूसरे को प्रेम करने लगी थीं।

अजीमनगर थाना क्षेत्र के गांव करनपुर निवासी 12वीं की छात्रा का उत्तराखंड के रुद्रपुर की रहने वाली 10वीं की छात्रा के साथ प्रेम प्रसंग चल रहा था।

बताते हैं कि काफी समय से दोनों एक-दूसरे से शादी करना चाहती थीं ,लेकिन उनके परिजन तैयार नहीं थे। शनिवार दोपहर रुद्रपुर की छात्रा करनपुर निवासी अपनी दोस्त के घर पहुंच गई। दोनों छात्राएं एक-दूसरे को गले लगाकर खूब रोईं।

इस दौरान दोनों घर से भाग कर अजीमनगर थाने पहुंच गईं। पुलिस से शादी करने की जिद करने लगी। पुलिस ने दोनों के परिजनों को मौके पर बुला लिया। दोनों छात्राओं को समझाने के बाद पुलिस ने उनके परिजनों के हवाले कर दिया। आठ दिन पहले भी दोनों छात्राएं भाग कर कोर्ट मैरिज के लिए जा रही थीं। उनके परिजनों ने दोनों की पिटाई की थी। दो छात्राओं का प्रेम प्रसंग क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है।

### शादी का झांसा देकर 5 साल तक बनाए शारीरिक संबंध

**मसवासी, अमृत विचार :** क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक ने चौकी क्षेत्र के एक मोहल्ला में रहने वाली युवती को शादी का झांसा देकर पांच साल तक शारीरिक संबंध बनाए। जब युवती ने शादी करने को कहा तो युवक ने इनकार कर दिया। पीड़ित युवती ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र देकर मदद की गुहार लगाई है। क्षेत्र के एक गांव के सिख समाज के युवक का दूसरे समाज की युवती से पांच साल से प्रेम प्रसंग चल रहा था। आरोप है कि युवक ने शादी का झांसा देकर कई बार शारीरिक संबंध बनाए। इस दौरान युवती लगभग दो या तीन बार गर्भवती हो गई थी। आरोप है कि युवक ने दवा खिलाकर उसका गर्भपात करा दिया। जब युवती ने शादी करने की बात कही तो उसने मना कर दिया। शनिवार को पीड़ित युवती ने पुलिस अधीक्षक के समक्ष पेश हो मदद की गुहार लगाई है। युवती ने अपने परिजनों से भी जान का खतरा बताया है। पुलिस अधीक्षक के आदेश पर पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। पुलिस ने युवक को हिरासत में ले लिया है, उससे पूछताछ की जा रही है।

# जेल जाने के डर से संतोष ने चुन लिया मौत का रास्ता

कार्यालय संवादाता, रामपुर/शाहबाद



कोतवाली में मौजूद मृतक युवक के गमजदा परिजन। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** शाहबाद के रहने वाले संतोष ने जेल जाने के डर से मौत को गले लगा लिया। उसकी मौत से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। वह पंजाब में नौकरी करने लगा था, लेकिन उसका वहां तक भी पीछा नहीं छूटा और परिजनों ने उसे फोन कर घर बुला लिया।

शाहबाद के मोहल्ला फर्राशान निवासी संतोष दिवाकर (32) का वर्ष 2019 में जनपद मुरादाबाद के बिलारी में बाइक चोरी प्रकरण में नाम प्रकाश में आया था। इसके बाद उसके जेल आने-जाने का सिलसिला शुरू हो गया था। वर्ष 2019 में वह मजदूरी करने के लिए पंजाब चला गया था। वह वहीं पर रह रहा था। कुछ दिनों पहले वारंट घर पहुंचने के बाद भी संतोष कोर्ट में पेश नहीं हुआ था। वारंट आने पर परिजनों ने फोन कर कोर्ट में पेश होने के लिए उसे बुलाया था। तभी से वह तनाव में था। शनिवार को उसने जेल जाने के डर से फंदे पर लटककर अपनी जान दे दी।



मंसूरपुर तिराहे पर पलटा डंपर। ● अमृत विचार

# डंपर पलटने से बजरी में दबे दो युवक, हालत गंभीर

संवाददाता, मसवासी

**अमृत विचार:** स्टोन क्रशर से बजरी ला रहा डंपर पलट गया। डंपर में भरी बजरी में मार्ग किनारे खड़े दो युवक दब गए। उन्हें लोगों ने बमुश्किल बाहर निकाला। गंभीर हालत में दोनों को काशीपुर उत्तराखंड के हायर सेंटर में भर्ती कराया है।

शनिवार सुबह पट्टी कलां मार्ग स्थित मंसूरपुर मोड़ पर डंपर पलट गया। मार्ग किनारे खड़े खुशहालपुर निवासी मोनू पुत्र राजवीर व विक्की पुत्र तुलाराम बजरी के नीचे दब गए। लोगों ने बजरी में दबे युवकों को बाहर निकाला।

हालत गंभीर देख युवकों को काशीपुर उत्तराखंड के हायर सेंटर में भर्ती कराया गया है। मौके पर पहुंची मसवासी चौकी पुलिस ने डंपर को कब्जे में ले मानपुर तिराहे पर खड़ा करा दिया है। चौकी प्रभारी रोहित कुमार ने बताया कि डंपर कब्जे में लिया गया है। तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

# बिहार से जुड़ रहे व्यक्ति से 33 लाख की ठगी के तार

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

▸▸ उच्चाधिकारियों से अनुमति ले रही साइबर सेल की टीम

**अमृत विचार :** केएफसी ब्रांड की फ्रेंचाइजी के नाम पर 33 लाख की साइबर ठगी के मामले में अभी तक सेल की टीम के खाली हाथ है। हालांकि सेल अपना जाल बिछा रही है, लेकिन दूसरे प्रांत का मामला होने के कारण वरिष्ठ अधिकारियों से अनुमति लंबित है। इस मामले के तार बिहार से जुड़ रहे हैं।

पिछले दिनों शहर में तोपखाना स्थित सहारा अस्पताल के पीछे रहने वाला आबिद पुत्र मोहम्मद उमर साइबर ठगी का शिकार हुआ था। उसने केएफसी ब्रांड की फ्रेंचाइजी लेने के लिए ऑल लाइन कंपनी से संपर्क किया। उन लोगों के कहने के अनुसार, उसने तीन से चार बार में 33 लाख रुपये ट्रांसफर किए थे। विभिन्न खातों में कुल 33 लाख 30 हजार की रकम कंपनी के नाम से खाते में भेजी थी। लेकिन रुपये ट्रांसफर होने के बाद केएफसी के तथाकथित अधिकारियों ने संतोषजनक उत्तर नहीं दिया। बाद में ये लोग आबिद को धमकाने लगे। उसने अधिवक्ता सत्यम सक्सेना और वरिष्ठ अधिवक्ता देवेंद्र कुमार सक्सेना नंदा से संपर्क किया था। अधिवक्ताओं ने इस मामले की पैरवी शुरू की थी। 26 फरवरी को साइबर सेल ने मामला की रिपोर्ट दर्ज कर ली थी। अधिवक्ता सत्यम सक्सेना ने बताया कि ठगी के इस मामले के तार बिहार से जुड़े हैं। साइबर सेल के विवेचक दूसरे प्रांत का मामला होने के कारण पुलिस के उच्चाधिकारियों से अनुमति ले रहे हैं। जिन मोबाइल नंबरों से ठगी की गई है उसकी लोकेशन ली जा रही है।

## महिला ने ससुर पर लगाया दुष्कर्म का आरोप

**मिलक, अमृत विचार :** क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने अपने ससुर पर दुष्कर्म का आरोप लगाते हुए मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई है। महिला ने बताया कि 12 वर्ष पहले उसके पति की हादसे में मौत गई थी। वह अपने दोनों बच्चों के साथ अपने ससुर के पैतृक मकान में ही रहती थी।

ससुर ने एक गांव में मुआवजा की रकम से एक भूखंड खरीदकर मकान बनवा दिया था। इसकी वसीयत उसके पुत्र के नाम कर दी। अपने दो बच्चों के साथ वह नए मकान में रहने लगी। इसी बीच उसका ससुर उसके मकान पर आता और एक-दो दिन रुक कर राशन रखकर अपने गांव चला जाता था। एक रात जब उसके बच्चे नानी के घर पर गए हुए थे। तब उसके ससुर ने नशे में उसके साथ दुष्कर्म किया। अब महिला ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई है। 14 फरवरी को कोतवाली मिलक में शिकायती पत्र दिया था, लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की थी। महिला शनिवार को परिवार के साथ पुनः कोतवाली भी पहुंची और शिकायती पत्र दिया।

## कोचिंग सेंटर जा रहे छात्र को पीटा, पांच पर रिपोर्ट

**स्वार, अमृत विचारः** कोचिंग सेंटर जा रहे युवक को जाति सूचक शब्दों से अपमानित किया। विरोध करने पर मारपीट कर घायल कर दिया। पुलिस ने घायल की तहरीर पर तीन सगे भाइयों को नामजद समेत दो अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

गांव धनौरी निवासी शिवाशु पुत्र श्याम सिंह नगर स्थित बिजली घर के निकट कोचिंग सेंटर पर रोज आता है। शनिवार को वह सेंटर पर जा रहा था। रास्ते में गांव जालफनंगला निवासी फैजान, फईम, जीशान व दो अज्ञात युवकों ने रोक लिया। गाली-गलौज की और जातिसूचक शब्दों से अपमानित किया। उसने विरोध किया तो मारपीट कर घायल कर दिया। चीख-पुकार सुनकर जब उसका भाई प्रदीप बचाने आया तो उसके साथ भी मारपीट की।

उत्तर प्रदेश सरकार





विकसित भारत
विकसित उत्तर प्रदेश

₹34,700 करोड़ की 782 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण/शिलान्यास










आजमगढ़, श्रावस्ती, मुरादाबाद, चित्रकूट एवं अलीगढ़ एयरपोर्ट तथा
चौधरी चरण सिंह इंटरनेशनल एयरपोर्ट, लखनऊ के नवीन टर्मिनल का लोकार्पण
(लागत : ₹3,628 करोड़)

महाराजा सुहेल देव राज्य विश्वविद्यालय, आजमगढ़ का लोकार्पण
(लागत : ₹108 करोड़)

₹11,500 करोड़ की 5 एनएच परियोजनाओं का लोकार्पण/शिलान्यास
• एनएच-11 (पैकेज-2) के किमी 39.24 से किमी 86.59 तक मेरठ-नजीबाबाद खंड • एनएच-24 बी/एनएच-30 के रायबरेली-प्रयागराज खंड का 4 लेन चौड़ीकरण • एनएच-24 को एनएच-87 से जोड़ने के लिए 4-लेन वेस्टर्न स्पर रामपुर-रुद्रपुर खंड बाईपास • एनएच-2 का चकेरी से प्रयागराज खंड का 6 लेन चौड़ीकरण • एनएच-709 एडी के पैकेज-1 के पानीपत से शामली तक का 4 लेन चौड़ीकरण

प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत
59 जनपदों में ₹3,700 करोड़ से 744 सड़कों (5,342 किमी) का लोकार्पण

₹8,200 करोड़ की 12 रेल परियोजनाओं का लोकार्पण/शिलान्यास
• फरिहा-आजमगढ़-सठियांव खंड का दोहरीकरण एवं विद्युतीकरण • इन्दारा-फेफना-बुढ़वल खंड का दोहरीकरण एवं विद्युतीकरण • रोजा-सीतापुर कैंट-बुढ़वल खंड का दोहरीकरण एवं विद्युतीकरण • बनारस-झूसी खंड का दोहरीकरण एवं विद्युतीकरण • बलिया-बकुल्हा खंड का दोहरीकरण एवं विद्युतीकरण • भटनी-पिवकोल बाईपास लाइन • भांडई-इटावा खंड का दोहरीकरण एवं विद्युतीकरण • बरहन-एटा खंड का दोहरीकरण एवं विद्युतीकरण • शिकोहाबाद-मैनपुरी एवं इटावा-मैनपुरी-फर्रुखाबाद खंड का विद्युतीकरण • बहराइच-नानपारा-नेपालगंज रोड खंड का आमान परिवर्तन • गंगा नदी पर रेल पुल सहित गाजीपुर सिटी एवं गाजीपुर घाट से तारीघाट नई बड़ी लाइन • गाजीपुर सिटी-दिलदारनगर जंक्शन के मध्य रेल सेवा

नमामि गंगे के अंतर्गत ₹1,114 करोड़ की 3 सीवरेज परियोजनाओं का उद्घाटन
• प्रयागराज के झूसी में 16 एमएलडी, फाफामऊ में 14 एमएलडी एवं नैनी में 42 एमएलडी के एसटीपी प्लांट का अवरोधन, मरम्मत एवं दिशा परिवर्तन कार्य
• जौनपुर में 30 एमएलडी के एसटीपी का अवरोधन एवं दिशा परिवर्तन कार्य • इटावा में 45 एमएलडी क्षमता प्लांट के सीवर परियोजना का अवरोधन एवं दिशा परिवर्तन कार्य

लाइट हाउस परियोजना के अंतर्गत लखनऊ में 1,040 फ्लैट का लोकार्पण
(लागत : ₹131 करोड़, क्षेत्रफल : 47,827 वर्गमीटर, 13 मंजिला, 4 टावर)

नरेन्द्र मोदी
प्रधानमंत्री द्वारा

गरिमामयी उपस्थिति

योगी आदित्यनाथ — मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश | ज्योतिरादित्य एम. सिंधिया — मंत्री, भारत सरकार
केशव प्रसाद मौर्य — उप मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश | भूपेन्द्र सिंह चौधरी — सदस्य, विधान परिषद
सूर्य प्रताप शाही — मंत्री, उत्तर प्रदेश | ए.के. शर्मा — मंत्री, उत्तर प्रदेश | योगेन्द्र उपाध्याय — मंत्री, उत्तर प्रदेश | ओम प्रकाश राजभर — मंत्री, उत्तर प्रदेश | दारा सिंह चौहान — मंत्री, उत्तर प्रदेश | दिनेश लाल यादव 'निरहुआ' — सांसद, आजमगढ़
यशवंत सिंह — सदस्य, विधान परिषद | विजय बहादुर पाठक — सदस्य, विधान परिषद | विक्रांत सिंह 'रिशु' — सदस्य, विधान परिषद | ध्रुव कुमार त्रिपाठी — सदस्य, विधान परिषद | रामसूरत राजभर — सदस्य, विधान परिषद

विकास के एक्सप्रेसवे पर ग्रामीण क्षेत्र एवं छोटे शहर
• एयर, रेल एवं राष्ट्रीय राजमार्गों के नेटवर्क से विकास की तेज रफ्तार • पक्की ग्रामीण सड़कें बनीं किसानों की समृद्धि का आधार
• बीपीएल परिवारों को किफायती आवास से गरिमापूर्ण जीवन • आजमगढ़ मंडल में स्थानीय स्तर पर उच्च शिक्षा से विकास में भागीदार बने युवा

दिनांक : 10 मार्च, 2024 | समय : पूर्वाह्न 10:30 बजे | स्थान : मंदुरी एयरपोर्ट परिसर, आजमगढ़

लाइव प्रसारण
DD NEWS व Youtube.com/DDNEWS
Youtube.com/dduttarpradesh
एवं UPGovtOfficial CMOUttarpradesh CMOfficeUP

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उत्तर प्रदेश